एक नजर में

खेत पर मोटर चलाते समय करंट लगने से 51 वर्षीय किसान की मौत

मनासा। मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम मालाखेड़ा में खेत पर मोटर चलाते समय करंट लगने से 51 वर्षीय किसान जगदीश पिता उदा सुरावत की मौत हो गई। रविवार दोपहर जिला अस्पताल नीमच में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात किसान जगदीश अपने खेत पर मोटर चलाने गए थे। रात करीब 2 बजे नीलगाय से फसल बचाने के लिए लगाए गए कांटेदार तार के पास अचानक बिजली का तार गिर गया। इससे पानी में करंट फैल गया और किसान इसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल नीमच लेकर पहुंचे, जहां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। बताया गया कि मृतक किसान के दोनों बेटे कंबल बेचने के लिए विदेश गए हुए थे। हादसे की सूचना मिलने पर उन्हें भी वापस बुला लिया गया। अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे से परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

ब्रिटिश शासक डलहौजी की शासन हड़पों नीति जैसी मध्यप्रदेश सरकार की जमीन हड़पो नीति समाप्त की जाए : संगठन मंत्री महेश चौधरी

नीमच। भारतीय किसान संघ जिला नीमच की महत्वपूर्ण बैठक गायत्री शक्तिपीठ भोलियावास पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रभारी भंवर सिंह पवार की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन मंत्री चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू किया गया लैंड पूलिंग एक्ट किसान विरोधी है, जो किसानों की जमीनों पर कब्जा करने जैसा कदम है। उन्होंने कहा कि यह नीति ब्रिटिश शासक डलहौजी की शासन हड़पों नीति की याद दिलाती है।चौधरी ने बताया कि उज्जैन सिंहस्थ हर 12 वर्ष में होने वाला पवित्र आयोजन है, जिसमें किसान स्वेच्छा से अपनी जमीन उपलब्ध कराते आए हैं। सनातन प्रेमी किसान अपनी जमीन मेला आयोजन के लिए देते हैं, लेकिन सरकार हटधर्मिता दिखाते हुए इन जमीनों पर स्थायी निर्माण करना चाहती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब किसान अपनी जमीन मेला आयोजन के लिए स्वतः देते हैं तो फिर यह जबरन भूमि अधिग्रहण जैसा कानून क्योंइस किसान विरोधी कानून के विरोध में आगामी 18 नवंबर को उज्जैन में घेरा डालो डेरा डालो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। जब तक सरकार कानून वापस नहीं लेती, किसान वहीं धरना जारी रखेंगे। नीमच जिले से लगभग 100 वाहनों में 700 से अधिक किसान इस आंदोलन में शामिल होंगे। बैठक में निलेश पाटीदार, सुरेश चंद्र धाकड़, विष्णु नागदा, जमनालाल पाटीदार, रामगोपाल धाकड़, विष्णु देव शर्मा, राधेश्याम धाकड़, पप्पू लाल गुर्जर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सतगुरु बेकरी से भूतेश्वर मंदिर तक लगेंगे पेवर ब्लॉक, विधायक और नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

नीमच। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 और 34 में रविवार सुबह विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। सतगुरु बेकरी से भूतेश्वर मंदिर तक लगभग 17 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार और नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सीएमओ दुर्गा बामनिया, पार्षद राजेश लालवानी और शारदा पाटनी ने भी पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। यह निर्माण कार्य स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर किया जा रहा है। सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को घूमने और आवाजाही के लिए सुरक्षित स्थान मिल सके। निवासियों की समस्या सुनने के बाद सीएमओ दुर्गा बामनिया ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन करवाया। इस अवसर पर पार्षद आलोक सोनी, रूपेंद्र लोकस, रामचंद्र धनगर, विनीत पाटनी, अशोक जोशी सहित कई अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

आशा कार्यकर्ता पर उत्पीड़न का आरोप, रहवासियों ने पार्षद को ज्ञापन दिया, सीएमएचओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया

नीमच। शहर के वार्ड नंबर-26 के रहवासियों ने आशा कार्यकर्ता रजनी बनोधा पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। निवासियों का कहना है कि आशा कार्यकर्ता पिछले तीन वर्षों से उन्हें परेशान कर रही हैं। इस संबंध में रविवार दोपहर को बड़ी संख्या में रहवासियों ने वार्ड पार्षद मनोहर मोटवानी को ज्ञापन दिया। रहवासियों ने पार्षद को बताया कि रजनी बनोधा विशेष रूप से डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जाने के एवज में पैसे की मांग करती हैं। पैसे न देने पर वह विवाद करती हैं और विरोध करने पर थाने में झूठी शिकायतें भी दर्ज करवाती हैं, जिससे वार्ड के लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। आरोप है कि आशा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं का लाभ भी जनता तक नहीं पहुंचातीं और जानकारी मांगने पर विवाद करने लगती हैं। निवासियों ने एकजुट होकर आशा कार्यकर्ता को वार्ड से हटाने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पार्षद मनोहर मोटवानी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीएमएचओ से फोन पर चर्चा की। उन्होंने सीएमएचओ को पूरी समस्या से अवगत कराया। सीएमएचओ ने आश्वासन दिया है कि यदि जनता को इस प्रकार की समस्या आ रही है, तो आशा कार्यकर्ता के खिलाफ जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के स्पष्ट निर्देशों का पालन करते हुए जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सहायक खनिज अधिकारी गजेंद्र सिंह डावर के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। यह कार्रवाई शनिवार को दिनभर चली, जिससे जिले के खनिज माफियाओं में हड़कंप मच गया।

जब्ती की कार्रवाई नयागांव, नीमच सिटी और सिंगोली थाना क्षेत्रों में की गई। नयागांव क्षेत्र से विशेष रूप से फर्शी पत्थर और न्यू फर्शी पत्थर से लदे दो महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किए गए। ये पत्थर भवन निर्माण में उपयोग होते हैं और इनके अवैध परिवहन से शासन को बड़े राजस्व का नुकसान हो रहा था।

इसके अतिरिक्त, नीमच सिटी थाना क्षेत्र में इंजन नंबर ज्ञ्ज्ञ5 ॥श्वह्3079 वाले एक ट्रैक्टर को अवैध रेत के साथ पकड़ा गया। वहीं, दूरस्थ सिंगोली क्षेत्र से भी गिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर (नंबर स्ख्र्4ष्ट7894) जब्त किया गया। जब्त की गई चारों ट्रॉलियों में लदी खनिज सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लाखों रुपये में आंका जा रहा है।

सहायक खनिज अधिकारी डावर ने बताया कि सभी जब्त वाहनों को नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थानों और चौकियों में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। जिला प्रशासन अब इन वाहनों के मालिकों और चालकों पर खनिज अधिनियम 1957 के तहत कठोर जुर्माने और दंडात्मक कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

बांछड़ा समुदाय के कमल को मिला ई-रिक्शा

नीमच। जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल पंख अभियान के तहत बांछड़ा समुदाय के लोगों को स्वरोजगार से जोड़कर सम्मानजनक जीवन जीने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में जनजातिय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अल्ट्राटेक सीमेंट खोर के सहयोग से सीएसआर निधि से पंख अभियान तहत हिंगोरिया निवासी श्री कमल पिता मांगीलाल बाछड़ा को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए निशुल्क ई-रिक्शा प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम में मंच से श्री कमल को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की गई। सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच दिलीपसिंह परिहार एवं कलेक्टरहिमांशु चंद्रा ने कमल के ई-रिक्शा में बैठकर इसका शुभारंभ किया तथा लाभार्थी को किराया भी भुगतान किया।

इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट खोर से श्री प्रमोद रथ एवं श्री अनूप पांडे उपस्थित थे।

झोलाछाप डॉक्टर्स पर कार्रवाई निजी हॉस्पिटल किया सील

रामपुरा। रामपुरा तहसील क्षेत्र के चचौर में विगत कई वर्षों से इनलीगल हॉस्पिटल संचालन कर रहे डॉक्टर विश्वजीत पारे ,,(बंगाली डॉक्टर) की विगत कई समय से मिल रही शिकायतों से स्वस्थ्य विभाग ने तुरंत कार्यवाही करते हुए दिनांक 14/ नवंबर/25 शुक्रवार को त्वरित कार्यवाही कर हॉस्पिटल सील किया ।

मिली जानकारी के अनुसार, चचोर में संचालित बंगाली डॉक्टर विश्वजीत पारे का हॉस्पिटल जिसकी विगत समय से लगातार शिकायते मिल रही थी, जिस पर मीडिया ने भी कई बार डॉक्टर के खिलाफ खबरों के माध्यम से स्वस्थ्य विभाग को अवगत करवाया, जिस पर रामपुरा मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रमोद पाटीदार, डॉक्टर उमेश बसेर बीएमओ मनासा, रामपुरा स्वास्थ्य विभाग की टीम, पूलिस थाना रामपुरा टीम शुक्रवार को चचोर पहुंची, जहां हॉस्पिटल का निरीक्षण कर कार्यवाही की जांच में बिना दस्तावेजों के इनलिगल तरीके से प्रेक्टिस करता व अनियमितता पाए जाने पर उक्त हॉस्पिटल सील किया गया । नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की गई ।

आज श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला में कोश्चन क्रो डांस ग्रुप की प्रस्तुति होगी

मन्दसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे ने बताया कि आज दिनांक 17 नवम्बर सोमवार को रात्रि 8.30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर मुम्बई के सुप्रसिद्ध डांस ग्रुप क्रोश्चन क्रो के द्वारा अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी।

क्रोश्चन क्रो डांस ग्रुप देश विदेश के कई महानगरों में अपने नृत्य (डांस) की प्रस्तुतिया दे चुका है तथा इस डांस ग्रुप ने पुरे देश में ख्याति अर्जित की है। नपा परिषद मंदसौर व मेला समिति के आमंत्रण पर यह डांस ग्रुप मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर अपनी प्रस्तुति देने आ रहा है। मंदसौर नगर एवं जिले के समस्त गणमान्य महानुभवों व माता बहनों से आग्रह है कि मेला परिसर में पधारे।

मनासा कुमावत समाज का दीपावली मिलन समारोह

▸ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन सहित समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान

मनासा। नगर मनासा मे निवासरत कुमावत समाज के द्वारा सामाजिक स्तर पर नई शुरुआत एक वर्ष पूर्व की गई थी जिसे इस वर्ष भी जारी रखते हुये दूसरे वर्ष भी दिपावली मिलन समारोह का वृहद आयोजन रविवार 16 नवंबर को स्थानीय कुमावत समाज धर्मशाला मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सिलावटी गली गली स्थित समाज के मंदिर भगवान चारभुजा नाथ की पूजा अर्चना के साथ हुई।

इसके बाद समाज के सभी महिला पुरूष युवा युवतियां चल समारोह मे भगवान बाल गोपाल को लेकर के साथ नाचते गाते हुये नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये आयोजन स्थल धर्मशाला पर पहुचे। जहा पर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना आरती कर हुई सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत। आयोजन के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमे जलेबी रेस ,बच्चो की चेयर रेस, एक मिनट प्रतियोगिता ,डांस कामपीटिशन ,कविता पाठ सहित का आयोजन हुआ जिसमे बालक बालिकाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी की ।कार्यक्रम मे बतौर अतिथि के रूप मे समाज के वरिष्ठ जन भगवतीलाल धनेरिया पटेल , बंशीलाल करसानिया, नारायण पड़ियार, पूरनमल नोकवार सहित उपस्थित थे जिनका स्वागत समाज अध्यक्ष संजय धनेरिया व देवीलाल घोड़ेला ,घनश्याम करसानिया, श्याम टांक ,नरेन्द्र मजावरिया, श्याम सुंदर धनेरिया,किशन पड़ियार सहित ने किया ।इसके बाद 10 वी12 वी की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के बालक बालिकाओं का सम्मान कर उन्हें ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के पश्चात सभी प्रतियोगिता मे विजेताओं को समाज के द्वारा शील्ड ट्राफी प्रदान कर सम्मानित कीया गया ।उसके बाद सभी समाजजनो एक दूसरे को दिपावली पर्व की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देते हुये मंगलमयी बधाईयां दी।

मंदसौर में प्रथम जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का शुभारंभ

▸ जिलेभर के 200 खिलाड़ियों ने लिया उत्साहपूर्ण भाग

मंदसौर। उत्कृष्ट विद्यालय हॉल में 15 नवंबर को प्रथम जिला स्तरीय पिट्ठू (सितोलिया) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव गगन कुरीन ने बताया कि जिले में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि पिट्ठू भारत का प्राचीन और पारंपरिक खेल है, जिसका उल्लेख भागवत पुराण में भी मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में इस खेल को बढ़ावा देने की अपील के बाद कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया की स्थापना की गई, जो खेल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित कर रहा है।

जिला उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि पिट्ठू एक कम खर्च में खेला जाने वाला पारंपरिक खेल है, जिसे अब सरकारी मान्यता प्राप्त है और यह जल्द ही खेलो इंडिया एवं यूथ गेम्स में शामिल होने की दिशा में है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राणा ने की। विशेष अतिथियों में के. सोलंकी, नवनीत शर्मा, आशीष भाटिया, कृष्ण गोपाल मिश्रा, देवेंद्र रघुवंशी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने कोचों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कोठारी और आभार सैयद आफताब आलम ने व्यक्त किया।

एलईडी टीवी फर्नीचर तथा स्टेशनरी पाकर कन्याओं में हर्ष

मंदसौर। शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय धुंधड़का में में पं. जवाहरलाल नेहरू तथा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता कर अपने विचारों को व्यक्त किया। प्रारंभ में माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

इस असवर पर संस्था प्रभारी विनोद पाटीदार ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। छात्र जीवन में प्रारंभिक शिक्षा आधार के रूप में होती है। जो कि संस्कारित एवं अनुशासित होना चाहीए। आज के बच्चे ही कल के भावी नागरिक है।

नवाचारी प्राथमिक शिक्षक मनीष पारीख सर डिगांव माली ने कहां कि भगवान बिरसा मुंडा तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के आदर्श राष्ट्र प्रथम के भावों को जन्म देते है घर्म जाती और राजनिति से बढ़कर देश होता है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्यों को ध्यान में रखकर जीवन जीने की कला सीखनी चाहीए। लगातार किये गये अच्छे कर्म जन्मो जन्मांतर तक याद किये जाते है।

बाल वाटीका शिक्षिका श्रीमती भावना राठौर ने बाल दिवस चित्रकला प्रतियोगिता तथा बच्चों में नैतिक शिक्षा एवं संस्कार पर जोर दिया। शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय धुंधड़का के लिये प्रदिप कुमार कीमती उद्योगपति दर्लादा द्वारा संचालित एनजीओं से गौरव रत्नावत एडवोकेट के सहयोग से 10 जोड़ी फर्नीचर तथा प्राथमिक शिक्षक मनीष पारीख द्वारा 32 इंच एलईडी टीवी तथा स्टेशनरी में बाल पौथी, ज्ञान गंगा तथा कलर स्केच पेन सभी बालिकाओं को प्रोत्सहान पुरस्कार के रूप में दिये गये।

सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम ही नहीं ले रहा

नीमच (निप्र)। शहर की सभी मुख्य सड़कों आम रास्तों पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट जाती हैं। पूर्व अनेक बार दर्दनाक हादसे हो चुके हैं। जिम्मेदार एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा के कारण अनेक बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुके हैं। शहर के प्रमुख मार्गो की स्थिति यह है कि हर मार्ग पर मवेशियों के झूंड बेठे हुए नजर आ रहे है। वहीं दूसरी और नपा अधिकारी मवेशियों के प्रतिदिन पकडने का दावा कर रहे है तो फिर शहर में हर दिन इतनी बड़ी तादात में पशु कहा से आ रहे है। अधिकारी इस मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे ज्यादा गायों की दुर्दशा हो रही है। उनके छोटे-छोटे बच्चे के कारण वे कहीं दूर भी नहीं जाती हैं। उनको चारा-भूसा तो मिल नहीं पाता है। सड़कों पर पन्नाी या कचरा कूड़ा खाकर दिन गुजार रही हैं। कई गाय बीमार हो कर असमय मौत के मुंह में चली जाती हैं। पूर्व में हर गांवों में चरागाह हुआ करता था जहां मवेशी को वर्षा के दिनों में चारा मिल जाता था। कालांतर में लोग अपने घरों में मवेशियों के पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी। कई किसान पहले बड़े शौक से गाय पालते थे उनकी सेवा करते थे पूजन करते थे। लेकिन अब कई किसान बिना गाय के हैं। बहुत कम किसानों के यहां पर गायें हैं। कई किसानों ने अपनी गायों को शहरों की सीमा में छोड़कर चले गए। जो मारी-मारी फिर रही हैं।

बैल हुए उपयोग विहीन - पहले हल से खेती होती थी जिसमें बैल की जरूरत होती थी। अब ट्रैक्टर युग आने के बाद से बैलों की उपयोगिता कम होती गई। कई किसानों के पास आने जाने के साधन के नाम पर बैलगाड़ी हुआ करती थी। अब तो बहुत ही कम लोगों के पास बैलगाड़ी बची है।

एक नजर

विधायक सखलेचा ने की 5 लाख की लागत के डोम निर्माण की घोषणा

आदिवासी अंचल के कोज्या में बिरसा मुंडा जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

सिंगोली। आदिवासी अंचल के कोज्या में जननायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आदिवासियों को संबोधित करते हुए विधायक सकलेचा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत के आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी नायक थे उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकार और संस्कृति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया आदिवासी समाज के साथ होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई बिरसा मुंडा चाहते थे कि आदिवासियों को उनकी जमीन जंगल और जीवन पर अधिकार मिले उनका संघर्ष आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है विधायक सकलेचा ने कहा कि प्रदेश कि भाजपा और देश की मोदी सरकार ने भी आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उत्थान के लिए कई योजनाऐ बनाई है जिससे हमारे आदिवासी भाई बहनों के जीवन स्तर मैं सुधार देखने को मिल रहा है उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासियों को बिरसा मुंडा के जीवन आदर्शो और संघर्षों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और सरकार की योजनाओं का आधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान भी किया कार्यक्रम के पश्चात विधायक ओमप्रकाश सखलेचा कोज्या स्थित आदिवासी जनजाति छात्रावास एवं स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं कम्बल वितरण कर बच्चों को सम्मानित किया तत्पश्चात ग्राम कोज्या में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही कुचरी बाई एवं कालू जी को गृह प्रवेश करवायाओर छात्रावास एवं स्कूल प्रांगण में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से डोम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह डोम बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों, बैठकों और विभिन्न आयोजन के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम जावद जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण सिंगोली मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी कोज्या सरपंच सागरमल भील सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।